1. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।

पाई : वृत्त :: फाई : ?


(A) त्रिकोण  (B) स्वर्ण अनुपात
(C) पंचभुज  (D) आयत

Find the related word.

Pi : Circle :: Phi : ?

(A) Triangle  (B) Golden Ratio
(C) Pentagon  (D) Rectangle

2. दिए गए आरेख का परीक्षण कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




△ → जो व्यक्ति चाय पीते हैं


○ → जो व्यक्ति कॉफ़ी पीते हैं

▭ → जो व्यक्ति जूस पीते हैं

कितने व्यक्ति केवल कॉफ़ी पीते हैं ?

(A) 55  (B) 70  (C) 45  (D) 75

Examine the provided diagram and respond to of the following question.




△ → Persons who take tea

○ → Persons who take coffee

▭ → Persons who take juice

How many individuals drink only coffee ?

(A) 55  (B) 70  (C) 45  (D) 75

3. 150 छात्रों की एक कक्षा में, 70 छात्र गणित में उत्तीर्ण हुए, 60 छात्र रसायन विज्ञान में उत्तीर्ण हुए और 20 छात्र गणित और रसायन विज्ञान दोनों में उत्तीर्ण हुए। तो दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों की संख्या है :

In a class of 150 students, 70 students passed in Mathematics, 60 students passed in Chemistry and 20 students passed in both Mathematics and Chemistry. Then the number of students that failed in both the subjects are :

(A) 60  (B) 50  (C) 20  (D) 40

4. जब आप 5 किमी उत्तर की ओर चलते हैं और फिर 90 डिग्री बाईं ओर मुड़ते हैं और 5 किमी और चलते हैं तो आप अपने शुरुआती बिंदु से कितनी दूर हैं ?


(A) 7 किमी  (B) 4 किमी
(C) 6 किमी  (D) 5 किमी

How far are you from your starting point when you walk 5 km north and then turn 90 degrees to your left and walk another 5 km ?


(A) 7 km  (B) 4 km
(C) 6 km  (D) 5 km


5. उस आकृति को पहचानिए जो पैटर्न को पूरा करती है।


Identify the figure that completes the pattern.



(X)

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

6. दी गई अक्षर श्रृंखला को पूरा करने के लिए रिक्त स्थान भरिए।

Fill in the blank to complete the given letter series.

ABC, GHI, ___, STU

(A) JKL

(B) LMN

(C) KLM

(D) MNO

7. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए :

हाथी : श्रीलंका :: कंगारू : ?

(A) ऑस्ट्रेलिया

(B) रूस

(C) भारत

(D) इंग्लैंड

Find the related word :

Elephant : Sri Lanka :: Kangaroo : ?

(A) Australia

(B) Russia

(C) India

(D) England

8. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, मधु ने अपनी सहेली कृष्णा से कहा, "वह मेरे पिता की माँ का इकलौता बेटा है।" मधु का तस्वीर वाले व्यक्ति से क्या संबंध है ?

(A) बेटी

(B) चचेरी बहन

(C) भतीजी

(D) पोती

Pointing to a photograph, Madhu said to her friend Krishna, "He is the only son of the mother of my father." How is Madhu related to the person in the photograph ?

(A) Daughter


(B) Cousin


(C) Niece

(D) Grand-daughter


9. प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर उत्तर आकृतियों में से उचित आकृति चुनिए।

Choose the appropriate figure from the Answer Figures to replace the question mark (?).



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 



Scanned with OKEN Scanner

10. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।

डायमंड : बेसबॉल :: कोर्ट : ?

(A) रिंक
(B) स्क्वैश
(C) रिंग
(D) एरिना

Find out the related word.

Diamond : Baseball :: Court : ?

(A) Rink
(B) Squash
(C) Ring
(D) Arena

11. एक निश्चित कोड में, 'GARB' को 'HEAR' लिखा जाता है। उस कोड में 'DROP' कैसे लिखा जाएगा ?

In a certain code, 'GARB' is written as 'HEAR'. How will 'DROP' be written in that code ?

(A) EUXG
(B) EVXF
(C) EWXF
(D) EUWG

12. दिए गए कथन और निष्कर्ष को पढ़िए और निर्णय लीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है/करते हैं।

*कथन :* लाल बालों वाले लोगों को बाइक चलाना बहुत पसंद होता है।

*निष्कर्ष :*

I. सभी लोगों को बाइक चलाना पसंद है।

II. लाल बालों वाले लोग केवल बाइक चलाना पसंद करते हैं।

(A) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(B) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

Read the Statement and Conclusions given and decide which of the Conclusions follow(s) from the Statement.

*Statement :* Red-haired people love riding bikes.

*Conclusions :*

I. All people love riding bikes.

II. Red-haired people love riding bikes only.

(A) Either Conclusion I or II follows
(B) Neither Conclusion I nor II follows
(C) Only Conclusion I follows
(D) Only Conclusion II follows

13. दिए गए विकल्पों में से विषम (बेजोड़) को चुनिए।

Among the given options, choose the odd one out.

27, 125, 343, 512, 729

(A) 729
(B) 512
(C) 27
(D) 343

14. संबंधित संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the related number.

7 : 48 :: 12 : ?

(A) 143
(B) 112
(C) 121
(D) 84

15. यदि आप उत्तर-पूर्व की ओर मुँह करके शुरू करें और 45 डिग्री बायीं ओर मुड़ें, तो अब आप किस दिशा में मुँह कर रहे होंगे ?

(A) पश्चिम
(B) पूर्व
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Which way would you face now if you turned 45 degrees to the left after starting by facing north-east ?

(A) West
(B) East
(C) North
(D) South



Scanned with OKEN Scanner

16. यदि 'P', '÷' को दर्शाता है, 'Q', '×' को दर्शाता है, 'R', '+' को दर्शाता है और 'S', '–' को दर्शाता है, तो '9 Q 15 P 3 R 8 S 5' का मान क्या है ?
If 'P' represents '÷', 'Q' represents '×', 'R' represents '+' and 'S' represents '–', what is the value of '9 Q 15 P 3 R 8 S 5' ?
(A) 48 (B) 49 (C) 44 (D) 47

17. यदि $m \neq n = m^2 - mn + n^2$ तथा $m ? n = (m+n)^2 - mn$ है तो $(2 ? 3) \neq (5 \neq 3) =$
If $m \neq n = m^2 - mn + n^2$ and $m ? n = (m+n)^2 - mn$, then $(2 ? 3) \neq (5 \neq 3) =$
(A) 361 (B) 876 (C) 4332 (D) 978

18. "TLSEEV" अक्षरों की श्रृंखला की व्यवस्था को ध्यान से देखिए। तार्किक व्यवस्था निम्नलिखित में से कौन-सा सार्थक शब्द दे सकती है ?

Observe the arrangement of the series of letters "TLSEEV". The logical arrangement can give which of the following meaningful words ?
(A) TEASEL (B) LEAVE (C) VESSEL (D) STEEL

19. निर्धारित कीजिए कि दिए गए शब्द "POTASSIUM" के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करके निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनाया जा सकता है।

Determine which of the following words can be formed using each letter of the given word "POTASSIUM" only once.
(A) MOUSE (B) POPPS (C) MASS (D) TOAST

20. निम्नलिखित में से विषम (बेजोड़) को चुनिए :
Pick out the odd one from the following :
1331, 1728, 2197, 2744, 3365
(A) 1728 (B) 1331 (C) 3365 (D) 2197

21. निम्नलिखित में से विषम (बेजोड़) को चुनिए :
Pick out the odd one from the following :
5, 15, 60, 350, 1800
(A) 350 (B) 1800 (C) 15 (D) 60

22. एक महिला की ओर इशारा करते हुए, अशोक ने कहा, "उसकी पोती मेरे भाई की इकलौती बेटी है"। वह महिला अशोक से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) पत्नी (B) सास (C) माँ (D) बेटी
Pointing to a woman, Ashok said, "Her granddaughter is the only daughter of my brother". How is the woman related to Ashok ?
(A) Wife (B) Mother-in-law (C) Mother (D) Daughter

23. श्रृंखला : 3, 7, 15, 31, 63, ...
श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?
Series : 3, 7, 15, 31, 63, ...
What is the next number in the series ?
(A) 127 (B) 135 (C) 97 (D) 114

24. उस शब्द का चयन कीजिए जो अन्य से भिन्न है।
(A) एमू (B) ऑस्ट्रिच (C) कीवी (D) हॉर्नबिल
Choose the word which is different from the rest.
(A) Emu (B) Ostrich (C) Kiwi (D) Hornbill



Scanned with OKEN Scanner

**25.** एक स्कूल में संकाय सदस्यों के चयन के लिए शर्तों पर विचार कीजिए :

a. अप्रैल, 2024 तक आयु 23 से 28 वर्ष के बीच।
b. न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव।
c. कम-से-कम 60% अंकों के साथ प्रासंगिक विषय में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।
d. इंटरव्यू में 50 में से न्यूनतम 25 अंक।
e. यदि उम्मीदवार के पास PG नहीं है, तो मामला वरिष्ठ संकाय सदस्य को भेजा जाना है।
f. यदि उम्मीदवार इंटरव्यू में न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं करता है, तो मामले को स्कूल के प्रिंसिपल को भेजा जाना है।
g. यदि उम्मीदवार आयु सीमा को छोड़कर अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करता है, तो मामले को स्कूल के निदेशक बोर्ड को भेजा जाना है।

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर सुधा रंजन के लिए कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए ?

सुधा रंजन : 56% अंकों के साथ MCA. जन्म तिथि : 12 फरवरी, 1999। एक शिक्षक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव। इंटरव्यू में 55% अंक प्राप्त किए।

(A) उम्मीदवार का चयन शिक्षक के रूप में किया जाना है
(B) डेटा अपर्याप्त है
(C) मामला स्कूल के निदेशक बोर्ड को भेजा जाना है
(D) उम्मीदवार को संकाय सदस्य के रूप में नहीं चुना जाना है

Consider the conditions for selecting faculty members in a School :

a. Age between 23 to 28 years as of April, 2024.
b. Work experience of minimum 3 years.
c. Postgraduate degree in relevant subject with at least 60% marks.
d. Minimum of 25 marks in the interview, out of 50.
e. If the candidate does not have PG, the case is to be referred to the senior faculty member.
f. If the candidate does not score minimum marks in the interview, the case is to be referred to Principal of the School.
g. If the candidate satisfies all other qualifications except the age limit, the case is to be referred to the Board of Directors of the School.


Which course of action should be taken for Sudha Ranjan based on the following information ?

Sudha Ranjan : MCA with 56% marks. Date of birth : February 12, 1999. 5 years of experience as a teacher. Obtained 55% marks in the interview.

(A) Candidate is to be selected as a teacher
(B) Data is inadequate
(C) Case is to be referred to the Board of Directors of the school
(D) Candidate is not to be selected as a faculty member

**26.** आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Find out the number of triangles in the figure.




(A) 28 (B) 22 (C) 20 (D) 21







Scanned with OKEN Scanner

27. दिए गए विकल्पों में से श्रृंखला में अगला चित्र ज्ञात कीजिए।

Find the next figure in the series from the given options.



(I) (II) (III) (IV) (V) ?

(A)  (B)  (C)  (D) 

:8. प्रथम 24 प्राकृत संख्याओं का योगफल है :

The sum of the first 24 natural numbers is :

(A) 325 (B) 600 (C) 300 (D) 576

9. एक कक्षा में, लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या की तीन गुना है। निम्नलिखित में से कौन-सा योगफल, कक्षा में बच्चों की संख्या का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता ?

In a classroom, the number of boys is three times the number of girls. Which of the following totals cannot represent the number of children in the class ?

(A) 22 (B) 40 (C) 20 (D) 24

0. एक शहर में X, Y और Z नाम की तीन सड़कें एक-दूसरे के समानांतर हैं। यदि सड़क X सबसे व्यस्त नहीं है, और सड़क Y, सड़क Z से अधिक व्यस्त है, तो कौन-सी सड़क सबसे व्यस्त है ?

(A) Z (B) X या Z (C) Y (D) X

A town has three streets parallel to each other named X, Y and Z. If street X is not the busiest, and street Y is busier than street Z, which street is the busiest ?

(A) Z (B) X or Z (C) Y (D) X

1. असमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar number.

(A) 512 (B) 216 (C) 343 (D) 169

. जब एक घन (क्यूब) को उसके एक विकर्ण के लंबवत समतल (प्लेन) द्वारा काटा जाता है, तो परिणामी अनुप्रस्थ-काट (क्रॉस-सेक्शन) का आकार क्या होगा ?

(A) समलंबाभ (ट्रेपीज़ॉइड) (B) पंचभुज (पेंटागन) (C) अष्टभुज (ऑक्टागॉन) (D) षट्भुज (हेक्सागॉन)

When a cube is sliced by a plane perpendicular to one of its diagonals, what is the shape of the resulting cross-section ?

(A) Trapezoid (B) Pentagon (C) Octagon (D) Hexagon

. सादृश्य पूरा कीजिए :

हृदय : संचारित :: फेफड़े : ?

(A) दृष्टि (B) पचाना (C) उत्सर्जित (D) साँस लेना


Complete the analogy :





Heart : Circulate :: Lungs : ?

(A) Vision (B) Digest (C) Excrete (D) Breathe

34. निम्नलिखित में से आकृति का दर्पण प्रतिबिंब ज्ञात कीजिए यदि दर्पण XY पर हो :


Find the mirror image of the figure from the following if the mirror is placed at XY :








(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

35. विषम ज्ञात कीजिए।


Find the odd one out.



(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

36. दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the number of triangles in the given figure.



(A) 11 (B) 10 (C) 9 (D) 12

37. धनेश ने कहा, "यह लड़की मेरी माँ के पोते की पत्नी है।" लड़की के लिए धनेश कौन है ?

(A) ससुर (B) दादा (C) पति (D) पिता

Dhanesh said, "This girl is the wife of the grandson of my mother." Who is Dhanesh to the girl ?

(A) Father-in-law (B) Grandfather (C) Husband (D) Father

38. निम्नलिखित श्रृंखला में ग़लत संख्या की पहचान कीजिए :

Identify the incorrect number in the following series :

27, 26, 24, 21, 18, 12

(A) 18 (B) 24 (C) 27 (D) 12

39. 25% की वार्षिक साधारण ब्याज दर से एक राशि कितने समय में तीन गुना हो जाएगी ?

(A) 6 वर्ष (B) 8 वर्ष (C) 5 वर्ष (D) 10 वर्ष

In how much time will an amount be tripled, at the rate of 25% per annum simple interest ?

(A) 6 years (B) 8 years (C) 5 years (D) 10 years

40. C एक कार्य को 24 दिनों में और D 16 दिनों में कर सकता है। उन्होंने एक साथ कार्य शुरू किया, लेकिन D ने कार्य पूरा होने से 4 दिन पहले कार्य छोड़ दिया। तो कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ था ?

(A) 9.6 दिन (B) 9 दिन (C) 12 दिन (D) 10 दिन

C can do a piece of work in 24 days and D in 16 days. They began the work together, but D left the work 4 days before its completion. In how many days was the work completed ?

(A) 9.6 days (B) 9 days (C) 12 days (D) 10 days

41. 110 संतरे बेचने के बाद, एक दुकानदार दावा करता है कि वह 22 संतरे के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ कमाता है। तो दुकानदार का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

After selling 110 oranges, a shopkeeper claims that he makes a profit equal to the selling price of 22 oranges. Find the profit percentage of the shopkeeper.

(A) 25% (B) 80% (C) 22% (D) 75%

42. एक कार्य को 3 पुरुषों द्वारा 16 दिनों में पूरा किया जाता है और उसी कार्य को 6 महिलाओं द्वारा 16 दिनों में पूरा किया जाता है। यदि 12 पुरुष और 8 महिलाएँ एक साथ काम करते हैं, तो उन्होंने कार्य को कितने दिनों में पूरा किया ?

(A) 3 दिन (B) 10 दिन (C) 5 दिन (D) 4 दिन

A work is done by 3 males in 16 days and the same work is done by 6 females in 16 days. If 12 males and 8 females work together, then they completed the work in how many days ?

(A) 3 days (B) 10 days (C) 5 days (D) 4 days

43. दो संख्याओं का अनुपात 1 : 2 है। यदि दोनों संख्याओं में 21 जोड़ा जाता है, तो अनुपात 5 : 7 हो जाता है। इन संख्याओं को ज्ञात कीजिए।

The ratio of two numbers is 1 : 2. If 21 is added to both numbers, then the ratio becomes 5 : 7. Find these numbers.

(A) 14, 28 (B) 8, 40 (C) 7, 14 (D) 21, 42

44. एक चुनाव में 8% मतदाताओं ने अपने मत नहीं डाले। इस चुनाव में, केवल दो उम्मीदवार थे। विजेता कुल मतों का 48% प्राप्त करके, अपने प्रतिद्वंद्वी को 110 मतों से हरा देता है। तो चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या कितनी थी ?

8% of the voters in an election did not cast their votes. In this election, there were only two candidates. The winner, by obtaining 48% of the total votes, defeated his contestant by 110 votes. The total number of voters in the election was :

(A) 1220 (B) 2750 (C) 1210 (D) 1235

45. एक कॉलेज ने पहले से ही माँगे गए लोगों से औसतन ₹ 600 का दान प्राप्त करके एक नई इमारत के लिए आवश्यक राशि का 75% जुटा लिया है। पहले से ही दान माँगे गए लोग उन 60% लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनसे कॉलेज दान माँग सकता है। यदि कॉलेज को नई इमारत के लिए ठीक आवश्यक राशि ही जुटानी है, तो शेष लोगों से माँगा जाने वाला औसत दान क्या होगा ?

A college has raised 75% of the amount it needs for a new building by receiving an average donation of ₹ 600 from the people already solicited. The people already solicited represent 60% of the people the college will ask for donations. If the college is to raise exactly the amount needed for the new building, what would be the average donation from the remaining people to be solicited ?

(A) ₹ 400 (B) ₹ 500 (C) ₹ 300 (D) ₹ 700



Scanned with OKEN Scanner

46. एक सारणीकार एक परीक्षा के 100 छात्रों के औसत अंकों की गणना करते समय, गलती से 8.6 के बजाय 6.8 निविष्ट (एंट्री) करता है और औसत 5.8 के रूप में प्राप्त करता है । तो उन छात्रों के वास्तविक औसत अंक क्या हैं ?

A tabulator while calculating the average marks of 100 students in an examination, by mistake enters 6.8, instead of 8.6 and obtains the average as 5.8. Then the actual average marks of those students is :

(A) 5.881 (B) 5.928 (C) 5.818 (D) 5.782

47. एक किराने वाले को ₹ 48 प्रति किलो और ₹ 28 प्रति किलो की दर से चीनी को किस अनुपात में मिलाना चाहिए ताकि वह ₹ 40 प्रति किलो का मिश्रण बना सके ?

In what proportion must a grocer mix sugar at ₹ 48 per kg and ₹ 28 per kg so that he makes a mixture worth ₹ 40 per kg ?

(A) 2 : 3 (B) 12 : 7 (C) 7 : 12 (D) 1 : 4

48. एक लड़का शांत जल में 10 किमी/घंटे की चाल से तैर सकता है। यदि धारा की चाल 5 किमी प्रति घंटा होती, तो लड़का 60 किमी अनुप्रवाह (बहाव के साथ) कितने समय में तैर सकता है ?

(A) 6 घंटे (B) 4 घंटे (C) 5 घंटे (D) 10 घंटे

A boy can swim in still water at a speed of 10 km/hr. If the speed of the current would have been 5 kmph, then the boy could swim 60 km downstream (along the flow) in how much time ?

(A) 6 hours (B) 4 hours (C) 5 hours (D) 10 hours

49. चार संख्याओं में से, पहली तीन का औसत 15 है और अंतिम तीन का औसत 16 है। यदि अंतिम संख्या 19 है, तो पहली संख्या क्या है ?

Out of four numbers, the average of the first three is 15 and that of the last three is 16. If the last number is 19, then the first number is :

(A) 16 (B) 19 (C) 18 (D) 17

50. एक दुकानदार एक पुस्तक का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 120% अधिक अंकित करता है । यदि वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है, तो उसका लाभ % ज्ञात कीजिए।

A shopkeeper marks the price of a book 120% above its cost price. If he gives a discount of 10% on the marked price, then find his profit %.

(A) 110% (B) 60% (C) 98% (D) 65%

51. एक मेज का क्रय मूल्य ₹ 6,400 है । एक व्यापारी इसे बेचकर 25% लाभ अर्जित करना चाहता है। बिक्री के समय, वह अंकित मूल्य पर 20% की छूट की घोषणा करता है। तो अंकित मूल्य कितना है ?

The cost price of a table is ₹ 6,400. A merchant wants to make 25% profit by selling it. At the time of the sale, he declares a discount of 20% on the marked price. Then what is the marked price ?

(A) ₹ 14,000 (B) ₹ 14,500 (C) ₹ 10,000 (D) ₹ 16,000

52. A, B और C एक व्यवसाय शुरू करते हैं। A कुल पूँजी का $33\frac{1}{3}$% निवेश करता है, B शेष पूँजी का $33\frac{1}{3}$% निवेश करता है और C शेष निवेश करता है। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 4,050 प्राप्त हुआ, तो C का लाभ B के लाभ से कितना अधिक है ?

A, B and C started a business. A invested $33\frac{1}{3}$% of the total capital, B invested $33\frac{1}{3}$% of the remaining capital and C, the remaining. If the total profit at the end of the year was ₹ 4,050, then find the amount by which the profit of C exceeds the profit of B.

(A) ₹ 675 (B) ₹ 700 (C) ₹ 520 (D) ₹ 900



Scanned with OKEN Scanner

53. वार्षिक संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों में ₹ 25,000 की राशि, यदि क्रमागत वर्षों के लिए ब्याज दर क्रमशः 4% और 5% प्रति वर्ष है, होगी :

An amount of ₹ 25,000 in 2 years at compound interest compounded annually, if the interest rate for the successive years be 4% and 5% per annum respectively, is :

(A) ₹ 28,000 (B) ₹ 29,000 (C) ₹ 26,800 (D) ₹ 27,300

54. धारा के साथ और धारा के विपरीत एक नाव की चाल क्रमशः 22 किमी/घंटा और 18 किमी/घंटा है। तो धारा की चाल (किमी/घंटा में) ज्ञात कीजिए।

The speed of a boat along and against the current is 22 km/hr and 18 km/hr respectively. Then the speed of the current (in km/hr) is :

(A) 3 (B) 2 (C) 7 (D) 4

55. 0.7, 0.35, 1.05 का लघुतम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Find the LCM of 0.7, 0.35, 1.05.

(A) 0.07 (B) 2.1 (C) 0.105 (D) 0.7

56. दो संख्याओं का योगफल 25 है और उनके म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 3 और 105 हैं। तो दोनों संख्याओं के व्युत्क्रम का योगफल ज्ञात कीजिए।

The sum of two numbers is 25 and their HCF and LCM are 3 and 105 respectively. The sum of the reciprocal of the two numbers is :

(A) $\frac{3}{56}$ (B) $\frac{6}{35}$ (C) $\frac{5}{63}$ (D) $\frac{5}{36}$

57. यदि विक्रय मूल्य तीन गुना कर दिया जाता है और क्रय मूल्य दोगुना हो जाता है, तो लाभ 65% हो जाएगा। तो वर्तमान लाभ (% में) कितना है ?

If the selling price is tripled and cost price doubled, the profit would become 65%. So what is the present profit (in %) ?

(A) 26.5% (B) 10% (C) 50% (D) 45%

58. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं ?

(A) अनुच्छेद 360 (B) अनुच्छेद 370 (C) अनुच्छेद 352 (D) अनुच्छेद 356

Under which Article of the Indian Constitution can the President proclaim a National Emergency ?

(A) Article 360 (B) Article 370 (C) Article 352 (D) Article 356

59. पुस्तक "वॉर एंड पीस" किसके द्वारा लिखी गई थी ?

(A) फ्योडोर दोस्तोवस्की (B) एंटोन चेखव
(C) अलेक्जेंडर पुश्किन (D) लियो टॉल्स्टॉय

The book "War and Peace" was authored by whom ?

(A) Fyodor Dostoevsky (B) Anton Chekhov
(C) Alexander Pushkin (D) Leo Tolstoy

60. निम्नलिखित में से कौन-सा GST का एक प्रकार ***नहीं*** है ?

Which of the following is ***not*** a type of GST ?

(A) SGST (B) QGST (C) CGST (D) IGST

61. निम्नलिखित में से कौन-सा ग़ैर-टैरिफ बाधा (अवरोध) का उदाहरण है ?

(A) कोटा (B) निर्यात सब्सिडी (C) व्यापार अनुबंध (D) आयात शुल्क

Which of the following is an example of a non-tariff barrier ?

(A) Quota (B) Export subsidy (C) Trade Agreement (D) Import duty



Scanned with OKEN Scanner

62. निम्नलिखित में से कौन-सा कर भारत की केंद्र सरकार द्वारा ***नहीं*** लगाया जाता है ?

(A) निगम कर
(B) राज्य उत्पाद शुल्क
(C) आयकर
(D) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

Which of the following taxes is ***not*** levied by the Central Government of India ?

(A) Corporation Tax
(B) State Excise Duty
(C) Income Tax
(D) Goods and Services Tax (GST)

63. जम्मू-कश्मीर का सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (PSA) किस तरह से आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है ?

(A) राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियाँ करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर
(B) सामुदायिक पुलिसिंग और सहभागिता को बढ़ाकर
(C) संघर्षरत पक्षों के बीच संवाद और सुलह को बढ़ावा देकर
(D) सीमा सुरक्षा और निगरानी उपायों को मज़बूत करके

In what ways does the Public Safety Act (PSA) of Jammu and Kashmir ensure internal security ?

(A) By detaining individuals suspected of activities prejudicial to the security of the state
(B) By enhancing community policing and engagement
(C) By promoting dialogue and reconciliation between conflicting parties
(D) By strengthening border security and surveillance measures

64. आतंकवाद फैलाने के लिए आतंकवादी जिन इंटरनेट तकनीकों का उपयोग करते हैं, उन्हें कहा जाता है :

(A) पर्यावरण आतंकवाद
(B) साइबर आतंकवाद
(C) जैव-आतंकवाद
(D) नारको-आतंकवाद

The Internet Technologies used by terrorists to spread terrorism are termed as :

(A) Ecoterrorism
(B) Cyberterrorism
(C) Bioterrorism
(D) Narco-terrorism

65. बिजली उत्पादन के लिए मुख्य रूप से किस जीवाश्म ईंधन का उपयोग किया जाता है ?

(A) पेट्रोलियम (B) यूरेनियम (C) प्राकृतिक गैस (D) कोयला

Which fossil fuel is primarily used for electricity generation ?

(A) Petroleum (B) Uranium (C) Natural gas (D) Coal

66. ________ यह एक टूलकिट है जो वित्तीय सेवाओं को लक्षित करता है और हैकर्स को अपना स्वयं का ट्रोजन मैलवेयर बनाने में सक्षम बनाता है।

(A) राखनी ट्रोजन
(B) स्पाय ट्रोजन
(C) ज़ीउस
(D) टाईनी बैंकर

________ is a toolkit that targets financial services and enables hackers to build their own Trojan malware.

(A) Rakhni Trojan
(B) Spy Trojan
(C) Zeus
(D) Tiny Banker

67. नीति आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

(A) राष्ट्रीय विकास रणनीतियाँ तैयार करना
(B) भारत के रक्षा बलों का प्रबंधन करना
(C) भारत के केंद्रीय बैंक का प्रबंधन करना
(D) राष्ट्रीय चुनावों की देखरेख करना

What is the main function of NITI Aayog ?

(A) To formulate national development strategies
(B) To manage India's defence forces
(C) To manage India's central bank
(D) To oversee national elections



Scanned with OKEN Scanner

68. दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) (एसोसिएशन ऑफ़ साउथ-ईस्ट एशियन नेशंस) का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
(A) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विनियमित करना
(B) आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास
(C) सैन्य सहयोग
(D) अंतरिक्ष अन्वेषण

What is the main purpose of the Association of Southeast Asian Nations (ASEAN) ?
(A) Regulating international trade
(B) Economic growth, social progress and cultural development
(C) Military cooperation
(D) Space exploration

69. कौन-सा भारतीय राज्य शास्त्रीय नृत्य मोहिनीअट्टम के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) केरल (B) आंध्र प्रदेश (C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक

Which Indian state is famous for the classical dance form Mohiniyattam ?

(A) Kerala (B) Andhra Pradesh (C) Tamil Nadu (D) Karnataka

0. निम्नलिखित में से कौन-सा मेलानोर्निया (त्वचा कैंसर) का कारण है ?

(A) एलर्जन (B) ओज़ोन अवक्षय (C) प्रदूषण (D) अम्ल वर्षा

Which of the following is the cause of Melanornia (skin cancer) ?

(A) Allergens (B) Ozone depletion (C) Pollution (D) Acid rain

1. 1987 में हस्ताक्षरित भारत–श्रीलंका समझौते का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
(A) पर्यटन को बढ़ावा देना
(B) परमाणु ऊर्जा का विकास करना
(C) आर्थिक निगम की स्थापना करना
(D) श्रीलंका में नागरिक संघर्ष को हल करना और तमिल अल्पसंख्यक अधिकारों को सुनिश्चित करना

What was the main purpose of Indo–Sri Lanka Agreement signed in 1987 ?
(A) To promote tourism
(B) To develop nuclear energy
(C) To establish economic corporation
(D) To resolve the civil conflict in Sri Lanka and ensure Tamil minority rights

. जब विमुद्रीकरण होता है, तो मुद्रा अपना ________ खो देती है और किसी भी प्रकार के लेनदेन के लिए कानूनी धन के रूप में उपयोग की जाने वाली स्थिति में नहीं रह जाती है।

(A) धन मूल्य (B) सिक्का मूल्य (C) मुद्रा मूल्य (D) अंकित मूल्य

When demonetisation occurs, the currency loses its ________ and is no longer of the status to be used as legal money for any kind of transaction.

(A) Money value (B) Coin value (C) Currency value (D) Face value

. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) कब शुरू किया गया था ?

(A) 11वीं पंचवर्षीय योजना के मध्य में (B) 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंत में
(C) 9वीं पंचवर्षीय योजना के मध्य में (D) 10वीं पंचवर्षीय योजना के अंत में

When was National Food Security Mission (NFSM) launched ?

(A) Mid of $11^{th}$ Five-Year Plan (B) End of $11^{th}$ Five-Year Plan
(C) Mid of $9^{th}$ Five-Year Plan (D) End of $10^{th}$ Five-Year Plan



Scanned with OKEN Scanner

74. किस भारतीय ने 2023 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जीता है ?

(A) कैलाश विद्यार्थी (B) अनिल अंबानी (C) रवि कन्नन (D) गौतम अडानी

Which Indian has won the 2023 Ramon Magsaysay award ?

(A) Kailash Vidyarthi (B) Anil Ambani (C) Ravi Kannan (D) Gautam Adani

75. ब्यास का प्राचीन नाम क्या है ?

(A) वितस्ता (B) पुरुष्णी (C) विपास (D) अस्किनी

What was the ancient name of Beas ?

(A) Vitasta (B) Purushni (C) Vipas (D) Askini

76. निम्नलिखित में से कौन-सा/से थोक मुद्रास्फीति का/के उपसमूह है/हैं ?

(A) केवल चलती मुद्रास्फीति

(B) आवास और खाद्य मुद्रास्फीति दोनों

(C) केवल आवास मुद्रास्फीति

(D) केवल खाद्य मुद्रास्फीति

Which of the following is/are subsets of wholesale inflation ?

(A) Walking Inflation only

(B) Both Housing and Food Inflation

(C) Housing Inflation only

(D) Food Inflation only

77. 'स्टार्टअप इंडिया' पहल क्या है ?

(A) यह लघु और मध्यम उद्यमों की स्थापना को नियंत्रित करता है

(B) यह कर प्रोत्साहन प्रदान करता है

(C) यह अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है

(D) यह नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है

What is the 'Startup India' initiative ?

(A) It regulates the establishment of small and medium enterprises

(B) It provides tax incentives

(C) It provides subsidies for research and development activities

(D) It encourages innovation and entrepreneurship

78. इनमें से कौन-सा मानव शरीर का सबसे कठोर पदार्थ माना जाता है ?

(A) कोहनी (हड्डी) का जोड़

(B) दाँतों का इनैमल (दंतवल्क)

(C) घुटना फलक

(D) पैर के अंगूठे के नाखून

Which of these is considered to be the hardest substance in the human body ?

(A) Elbow (bone) joint

(B) Tooth Enamel

(C) Knee cap

(D) Toe Nails

79. राज्यों में मानवाधिकार आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किस कानून के तहत की जाती है ?

(A) भारत का संविधान

(B) संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और उन्मुक्ति)

(C) राज्य मानवाधिकार संरक्षण

(D) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम

The Human Rights Commission in States is established under which of the following laws ?

(A) Constitution of India

(B) The United Nations (Privileges and Immunities)

(C) State Protection of Human Rights

(D) Protection of Human Rights Act



Scanned with OKEN Scanner

80. बास्केटबॉल के "आविष्कार" का श्रेय निम्नलिखित में से किसको दिया जाता है ?
(A) चार्ल्स गुडइयर (B) डॉ. जेम्स नाइस्मिथ (C) कोबर्न हास्केल (D) अल्फ्रेड माइन्न
Basketball was said to have been "invented" by which of the following ?
(A) Charles Goodyear (B) Dr. James Naismith (C) Coburn Haskell (D) Alfred Mynn

81. ________ किसी प्रकार के टेक्स्ट संदेश या SMS के माध्यम से फ़िशिंग कहलाता है।
(A) ई-मेल स्कैम (B) कैटफिशिंग (C) स्मिशिंग (D) स्कैम
________ is phishing through some form of a text message or SMS.
(A) E-mail scam (B) Catfishing (C) Smishing (D) Scam

82. उत्तर प्रदेश के राज्य पुष्प का नाम क्या है ?
(A) कमल (B) वाटर लिली (C) गुलाब (D) पलाश
What is the name of the State Flower of Uttar Pradesh ?
(A) Lotus (B) Water Lily (C) Gulab (D) Palash

83. मलाबार नौसेना अभ्यास का क्या महत्त्व है ?
(A) यह व्यापार समझौतों को सुविधाजनक बनाता है
(B) यह जल प्रदूषण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है
(C) यह पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करता है
(D) यह भारत, सं.रा. अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच नौसैनिक सहयोग को बढ़ाता है
What is the importance of the Malabar Naval Exercise ?
(A) It facilitates trade agreements
(B) It addresses issues related to water pollution
(C) It addresses environmental issues
(D) It enhances naval cooperation among India, USA, Japan and Australia

84. निम्नलिखित महासागरीय धाराओं में से कौन-सी अन्य धाराओं से भिन्न है ?
(A) लैब्राडोर (B) उत्तरी अटलांटिक अपवाह (बहाव)
(C) कुरोशियो (D) गल्फ स्ट्रीम
Which one of the following ocean currents is different from others ?
(A) Labrador (B) North Atlantic Drift
(C) Kuroshio (D) Gulf Stream

85. निम्नलिखित में से कौन-सा सिंथेटिक फाइबर का उदाहरण ***नहीं*** है ?
(A) रेयॉन (B) पॉलिएस्टर (C) नाइलॉन (D) कपास
Which among the following is ***not*** an example of synthetic fibres ?
(A) Rayon (B) Polyester (C) Nylon (D) Cotton

86. किस देश को "उगते सूरज की भूमि" के नाम से जाना जाता है ?
(A) जापान (B) थाईलैंड (C) चीन (D) दक्षिण कोरिया
Which country is known as the "Land of the Rising Sun" ?
(A) Japan (B) Thailand (C) China (D) South Korea

87. भौतिकी में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय कौन थे ?
(A) सत्येंद्र नाथ बोस (B) सी.वी. रमन
(C) एस. चंद्रशेखर (D) होमी भाभा
Who was the first Indian to win the Nobel Prize in Physics ?
(A) Satyendra Nath Bose (B) C.V. Raman
(C) S. Chandrasekhar (D) Homi Bhabha



Scanned with OKEN Scanner

88. यूरोपियन यूनियन का मुख्यालय किस शहर में स्थित है ?
(A) पेरिस (B) विएना (C) जिनेवा (D) ब्रुसेल्स
In which city is the headquarters of the European Union located ?
(A) Paris (B) Vienna (C) Geneva (D) Brussels

89. भारत में किस नेता के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
(A) एस. राधाकृष्णन (B) महात्मा गाँधी
(C) जवाहरलाल नेहरू (D) राजीव गाँधी
The birthday of which leader in India is observed as Children's Day ?
(A) S. Radhakrishnan (B) Mahatma Gandhi
(C) Jawaharlal Nehru (D) Rajiv Gandhi

90. फ़सलों के चक्रीकरण का अर्थ है :
(A) उत्पादकता बढ़ाने के लिए दो या दो से अधिक फ़सलें एक साथ उगाई जाती हैं
(B) केवल एक फ़सल उगाई जाती है
(C) मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए एक ही भूमि पर क्रमिक रूप से विभिन्न फ़सलें उगाना
(D) कुछ फ़सलें बार-बार उगाई जाती हैं
Rotation of crops means :
(A) two or more crops are grown simultaneously to increase productivity
(B) only one crop is grown
(C) growing different crops, on the same land, in succession to maintain soil fertility
(D) some crops are grown again and again

91. हाल ही में (मार्च 2024 तक), किसे सर्वसम्मति से इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU) के डिजिटल इनोवेशन बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में चुना गया ?
(A) नीरज मित्तल (B) अजय रंजन मिश्र (C) सुनील मित्तल (D) अपराजिता शर्मा
Recently (as of March 2024), who was unanimously elected as Co-Chair of the Digital Innovation Board of International Telecommunication Union (ITU) ?
(A) Neeraj Mittal (B) Ajay Ranjan Mishra (C) Sunil Mittal (D) Aparajita Sharma

92. 1764 में बक्सर की लड़ाई में अंग्रेज़ों ने किस भारतीय शासक को हराया था ?
(A) टीपू सुल्तान (B) हैदर अली (C) मीर कासिम (D) सिराज-उद्-दौला
Which Indian ruler was defeated by the British in the Battle of Buxar in 1764 ?
(A) Tipu Sultan (B) Haider Ali (C) Mir Qasim (D) Siraj-ud-Daulah

93. कौन-से स्वतंत्रता सेनानी "इंट्रोडक्शन टू ड्रीमलैंड" पुस्तक के लेखक थे ?
(A) सुभाष चंद्र बोस (B) भगत सिंह
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) विनायक दामोदर सावरकर
Which freedom fighter is the author of the book "Introduction to Dreamland" ?
(A) Subash Chandra Bose (B) Bhagat Singh
(C) Bal Gangadhar Tilak (D) Vinayak Damodar Savarkar

94. कौन-सा शोध डिज़ाइन, एक निश्चित समयावधि में, समान विषयों का अध्ययन करता है ?
(A) अनुदैर्घ्य (लोंजिट्यूडिनल) (B) प्रयोगात्मक (एक्सपेरिमेंटल)
(C) सहसंबंधित (कोरिलेशनल) (D) अंत: वर्ग (क्रॉस-सेक्शनल)
Which research design studies the same subjects over a period of time ?
(A) Longitudinal (B) Experimental
(C) Correlational (D) Cross-sectional



Scanned with OKEN Scanner

95. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?

(A) लोकसभा अध्यक्ष (B) वित्त मंत्री (C) राष्ट्रपति (D) उप-राष्ट्रपति

The Chairperson and the Members of the National Human Rights Commission (NHRC) are appointed by the :

(A) Speaker of Lok Sabha (B) Finance Minister (C) President (D) Vice President

96. नीचे दिए गए पैटर्न को पूरा कीजिए :

Complete the pattern given below :

D, DD, DDDD, DDDDDDD, ________.

(A) DDDDDDDD (B) DDDDDDDDDDDDDD

(C) DDDDDDDDDDD (D) DDDDDDDDDD

97. बैरोमीटर वायु दाब के लिए है जैसे कि ऐनिमोमीटर इसके लिए है ________ ।

(A) नमी (आर्द्रता) (B) हवाई जहाजों की गति

(C) तापमान (D) हवा की गति

Barometer is to Air pressure as Anemometer is to ________.

(A) Humidity (B) Speed of aeroplanes

(C) Temperature (D) Wind speed

98. दो रेलगाड़ियों की संयुक्त लंबाई क्या है जब एक, 80 किमी/घंटा की गति से चलती हुई, उसी दिशा में 44 किमी/घंटा की गति से चलती हुई दूसरी को 40 सेकण्ड में पार करती है ?

(A) 420 मी. (B) 400 मी. (C) 360 मी. (D) 440 मी.

What is the combined length of two trains when one, moving at 80 km/hr, crosses another, travelling in the same direction at 44 km/hr in 40 seconds ?

(A) 420 m (B) 400 m (C) 360 m (D) 440 m

99. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series.

88, 108, 130, 154, _____

(A) 170 (B) 180 (C) 160 (D) 190

100. श्रृंखला 28, 126, 344, 1332, _____ को पूरा कीजिए।

Complete the series 28, 126, 344, 1332, _____.

(A) 2168 (B) 2198 (C) 2167 (D) 2197

101. बारह छात्र केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में खड़े होते हैं और घड़ी के घंटों का प्रतिनिधित्व करते हैं, पहला छात्र पहले घंटे की स्थिति में, दूसरा छात्र दूसरे घंटे की स्थिति में और इसी तरह 10वें छात्र के सापेक्ष उसके दाईं ओर वाला छात्र किस दिशा में है?

(A) उत्तर (B) दक्षिण-पश्चिम (C) उत्तर-पश्चिम (D) दक्षिण-पूर्व

Twelve students stand in a circle facing the centre and representing the hours of a clock with the first student at the 1st hour position, second student at the 2nd hour position and so on. In which direction is the student on the right hand of the 10th student with respect to him ?

(A) North (B) South-West (C) North-West (D) South-East

102. असमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar number.

78, 104, 130, 156, 178

(A) 104 (B) 130 (C) 156 (D) 178

**103.** दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पाई-चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। पाई-चार्ट दो फलों की दुकानों A और B पर फलों की प्रतिशत मात्रा को दर्शाता है।

**दुकान A**




कुल मात्रा = 1200 किलोग्राम

**दुकान B**





कुल मात्रा = 1000 किलोग्राम

यदि दुकान A और दुकान B दोनों में आम की कीमत ₹ 30 प्रति किलोग्राम, सेब की कीमत ₹ 40 प्रति किलोग्राम, नारंगी की कीमत ₹ 20 प्रति किलोग्राम, अन्य फलों की कीमत ₹ 15 प्रति किलोग्राम और अमरूद की कीमत ₹ 18 प्रति किलोग्राम है, तो दुकान A और दुकान B दोनों में सभी फलों पर संयुक्त मूल्य क्या है ?

(A) ₹ 52,630 (B) ₹ 52,620 (C) ₹ 52,260 (D) ₹ 52,360


Study the pie-chart carefully to answer the question given. The pie-charts show the percentage quantity of fruits at two fruit shops A and B.

**Shop A**




Total quantity = 1200 kg

**Shop B**




Total quantity = 1000 kg

If Mangoes are priced at ₹ 30 per kilogram, Apples at ₹ 40 per kilogram, Oranges at ₹ 20 per kilogram, Other fruits at ₹ 15 per kilogram and Guavas at ₹ 18 per kilogram in both Shop A and Shop B, what is the combined price of all fruits at Shop A and Shop B?

(A) ₹ 52,630 (B) ₹ 52,620 (C) ₹ 52,260 (D) ₹ 52,360

**104.** एक कोड के अनुसार, अंक 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 को क्रमश: A, B, C, D, E, F, G, H, I और J द्वारा दर्शाया जाता है।

इस कोड में [(C × D) + (F × J)]/D का मान ज्ञात कीजिए।

According to a code, digits 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 and 9 are represented by A, B, C, D, E, F, G, H, I and J respectively.

In this code find the value of [(C × D) + (F × J)]/D.

(A) 19 (B) 17 (C) 16 (D) 15

105. X, U का भाई है। U, Z की बेटी है। Y, Z की बहू है। V, X का बेटा है। V की माँ कौन है ?
X is the brother of U. U is the daughter of Z. Y is the daughter-in-law of Z. V is the son of X. Who is the mother of V ?

(A) Z (B) Y (C) X (D) U

106. यदि कोई व्यक्ति 12 बजे से 9 बजे तक, फिर 9 बजे से 6 बजे तक, और अंततः 6 बजे से 3 बजे तक चलता है, तो अंततः उस व्यक्ति का मुँह किस दिशा की ओर है ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

If a person walks from 12 o'clock to 9 o'clock, then from 9 o'clock to 6 o'clock, and finally from 6 o'clock to 3 o'clock, in which direction is the person finally facing ?

(A) East (B) West (C) North (D) South

07. यदि 95474 को GCBEB लिखा जाता है, तो 73453 को कैसे लिखा जाएगा ?
If 95474 is written as GCBEB, then how is 73453 written ?

(A) AEBAC (B) AEBCA (C) ACBEA (D) EABCA

08. निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| अक्षर | M | I | K | T | A | B | E | J | W | F | H | U | D | P | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोड | 6 | * | 5 | ^ | 7 | 8 | @ | 1 | 2 | 3 | 4 | % | 9 | # | $ |

दी गई तालिका के अनुसार BMJKPU का कोड क्या है ?

*शर्त :*

यदि पहला अक्षर एक व्यंजन है और अंतिम अक्षर एक स्वर है, तो दोनों को स्वर के कोड के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।

(A) 8615#% (B) 8615#8 (C) 8%15#% (D) %615#%

Study the following table and answer the question.

| *Letter* | M | I | K | T | A | B | E | J | W | F | H | U | D | P | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Code* | 6 | * | 5 | ^ | 7 | 8 | @ | 1 | 2 | 3 | 4 | % | 9 | # | $ |

What is the code for BMJKPU as per the given table ?

*Condition :*

If the first letter is a consonant and the last letter is a vowel, both are to be coded as the code of the vowel.

(A) 8615#% (B) 8615#8 (C) 8%15#% (D) %615#%

9. सादृश्य पूरा कीजिए :

लोहा : Fe :: चाँदी : ?

Complete the analogy :

Iron : Fe :: Silver : ?

(A) Ag (B) K (C) Na (D) Cl

0. ₹ 49 की कुल राशि A, B और C के बीच वितरित की जाती है। A को B से ₹ 5 अधिक मिलते हैं और B को C से ₹ 4 अधिक मिलते हैं। उनके शेयरों का अनुपात क्या है ?
The total amount of ₹ 49 is distributed among A, B, and C. A receives ₹ 5 more than B and B receives ₹ 4 more than C. What is the ratio of their shares ?

(A) 21 : 16 : 14 (B) 21 : 16 : 12 (C) 21 : 14 : 12 (D) 14 : 16 : 12



Scanned with OKEN Scanner

111. निम्नलिखित में से कौन-सा सांख्यिकीय डेटा का ग्राफीय निरूपण *नहीं* है ?

(A) आवृत्ति बहुभुज
(B) संचयी आवृत्ति वितरण
(C) दंड आरेख
(D) हिस्टोग्राम

Which one of the following is ***not*** the graphical representation of statistical data ?

(A) Frequency polygon
(B) Cumulative frequency distribution
(C) Bar graph
(D) Histogram

112. यदि शब्द 'LANGUAGE' के पहले और दूसरे अक्षर आपस में बदल दिए जाएँ, तीसरे और चौथे अक्षर को भी, पाँचवें और छठे अक्षर को और इसी तरह आगे भी। तो आपके बाएँ से गिनने वाला पाँचवाँ अक्षर कौन-सा होगा ?

If the first and second letters in the word 'LANGUAGE' were interchanged, also the third and the fourth letters, the fifth and the sixth letters and so on. Which letter would then be the fifth letter counting from the left ?

(A) N
(B) U
(C) G
(D) A

113. एक रेलगाड़ी एक कार से 75% अधिक तेज चल सकती है। दोनों एक ही समय में बिंदु A से शुरू होते हैं और एक ही समय में A से 70 किलोमीटर दूर बिंदु B पर पहुँचते हैं। हालांकि, रास्ते में स्टेशनों पर रुकते-रुकते ट्रेन को लगभग 18 मिनट का समय गँवाना पड़ा। कार की गति कितनी है ?

(A) 90 किमी प्रति घंटा
(B) 100 किमी प्रति घंटा
(C) 80 किमी प्रति घंटा
(D) 110 किमी प्रति घंटा

A train can travel 75% faster than a car. Both start from point A at the same time and reach point B, 70 kms away from A, at the same time. On the way, however, the train lost about 18 minutes while stopping at the stations. The speed of the car is :

(A) 90 kmph
(B) 100 kmph
(C) 80 kmph
(D) 110 kmph

***प्र. सं. 114 से 118 गद्यांश प्रश्न***

भूषण महाराज ने विषय और विशेषत: नायक चुनने में बड़ी बुद्धिमत्ता से काम लिया है। शिवाजी और छत्रसाल से महानुभावों के पवित्र चरित्रों का वर्णन करने वालों की जितनी प्रशंसा की जाए थोड़ी है। शिवाजी ने एक ज़मींदार और बीजापुरधीश के नौकर के पुत्र होकर चक्रवर्ती राज्य स्थापित करने की इच्छा को पूर्ण-सा कर दिखाया और छत्रसाल बुन्देला ने जिस समय मुग़लों का सामना करने का साहस किया उस समय उनके पास केवल पाँच सवार और पच्चीस पैदल थे। इसी सेना से इस महानुभाव ने दिल्ली का सामना करने की हिम्मत की और मरते समय अपने उत्तराधिकारियों के लिए दो करोड़ वार्षिक मुनाफे का स्वतंत्र राज्य छोड़ा। छत्रपति शिवाजी की प्रशस्ति में लिखे गए दो काव्य ग्रंथ हैं – शिवा बावनी और शिवराज भूषण। इस पाठ बोधन में भूषण का वीर काव्य रस दर्शाया गया है।

114. छत्रसाल बुन्देला ने जिस समय मुग़लों का सामना किया, उस समय उनके पास थे :

(A) पच्चीस सवार और दो पैदल
(B) पच्चीस सवार और पाँच पैदल
(C) दो सवार और पाँच पैदल
(D) पाँच सवार और पच्चीस पैदल

115. भूषण का प्रिय काव्य रस था :

(A) वीर
(B) श्रृंगार
(C) करुण
(D) शान्त

116. महाकवि भूषण दरबारी कवि थे, उनके आश्रयदाता राजा का नाम था :

(A) औरंगज़ेब
(B) वीर सिंह जूदेव
(C) शिवाजी
(D) छत्रसाल

117. छत्रपति शिवाजी की प्रशस्ति में लिखे गए दो काव्य ग्रंथों के नाम हैं :

(A) शिवा वैभव, शिवा चिन्तन
(B) शिव कथा, शिवा विक्रम
(C) शिवा बावनी, शिवराज भूषण
(D) शिवा चरित, शिवा विलास

118. इस गद्यांश का सार्थक शीर्षक हो सकता है :

(A) भूषण की कला
(B) भूषण का काव्यनायक चयन
(C) भूषण विवेक
(D) भूषण की बुद्धिमत्ता



Scanned with OKEN Scanner

119. 'मुक्तिबोध' के लिए जैनेन्द्र कुमार को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
(A) मंगला प्रसाद पारितोषिक
(B) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(C) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(D) सरस्वती पुरस्कार

120. "(गुरु) ने प्रसन्न होकर मुझे एक मंत्र दिया।" कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलिए।
(A) गुरु (B) गुरुजी (C) गुरुओं (D) गुरुजन

121. निम्नलिखित में से 'नाग' का अनेकार्थी शब्द कौन-सा है ?
(A) हाथी (B) मोक्ष (C) रथ (D) पारा

122. संस्कृत के ऐसे शब्द जिन्हें हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, वे क्या कहलाते हैं ?
(A) देशज (B) विदेशज (C) तत्सम (D) तद्भव

123. 'मीन' का पर्यायवाची शब्द है :
(A) मत्स्य (B) विभावरी (C) शिखि (D) शायक

124. 'सर्प', 'मेघ', 'हरिण' किस शब्द के अनेकार्थी हैं ?
(A) शारंग (B) षडंग (C) सारंग (D) नारंग

125. 'हजारों लोगों ने उसे देखा है' – वाक्य में विशेषण है :
(A) उसे (B) देखा (C) हजारों (D) लोगों

126. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है :
(A) प्रत्यु (B) प्रत्युत् (C) प्र (D) प्रति

127. 'सप्तर्षि' में समास है :
(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

128. 'विशिष्ट' किसका विलोम शब्द है ?
(A) अवशिष्ट (B) सामान्य (C) अनिष्ट (D) शिष्ट

129. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) बन्दूक एक उपयोगी शस्त्र है।
(B) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
(C) यह मेरा पुस्तक है।
(D) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

130. 'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे का अर्थ लिखिए :
(A) बड़े प्राणी को सांत्वना देना।
(B) बहुत बड़े प्राणी का भोजन बनाना।
(C) बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना।
(D) जानवर को दवाई देना।

131. साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त *निराला की साहित्य साधना* किसकी कृति है ?
(A) नामवर सिंह
(B) भावनी प्रसाद मिश्र
(C) रामविलास शर्मा
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

132. 'अघ' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है ?
(A) समाप्त (B) व्याकुल (C) पाप (D) मूर्ख

133. 'देखा गया हो' क्रिया के किस पक्ष का उदाहरण है ?
(A) संदिग्ध भूत (B) भविष्यत् काल (C) संदिग्ध वर्तमान (D) संभाव्य भूत

134. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों है ?
(A) तार (B) वार (C) धार (D) हार

135. उस विकल्प का चयन कीजिए जो कि दिए गए मुहावरे का सही अर्थ है।
"खटिया सेना"

(A) बीमार होना
(B) कार्य से विमुख होना
(C) आराम से लेटना
(D) चारपाई पर सोना

136. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सकर्मक क्रिया वाला है ?

(A) कैलाश छत से गिर पड़ा।
(B) सतीश ने केले खरीदे।
(C) राजू सदा रोता रहता है।
(D) हरीश बस पर चढ़ गया।

137. 'शास्त्रप्रवीण महाविद्यालय में पीताम्बर धारण करने आते हैं।' इस वाक्य में तत्पुरुष समास कौन-से पद में है ?

(A) पीताम्बर
(B) धारण करने
(C) शास्त्रप्रवीण
(D) महाविद्यालय

138. 'हस्ती' शब्द का समभिन्नार्थक क्या है ?

(A) क्रोध
(B) आँख
(C) अस्तित्व
(D) हाथी

139. 'चरण कमल बन्दौ हरि राई' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) रूपक
(B) अतिशयोक्ति
(C) उल्लेख
(D) उपमा

140. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए :

(A) बच्चे को फल काटकर खिलाओ।
(B) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।
(C) फल बच्चे को काटकर खिलाओ।
(D) बच्चे को काटकर फल खिलाओ।

141. प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन किस अलंकार का लक्षण है ?

(A) परिकर
(B) कारणमाला
(C) अनुमान
(D) एकावली

142. जिसमें कोई पद प्रधान नहीं होता तथा अन्य अर्थ प्रधान होता है, वहाँ होता है :

(A) तत्पुरुष समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) कर्मधारय समास
(D) अव्ययीभाव समास

143. हिंदी वर्णमाला में स्वरों की कुल संख्या कितनी है ?

(A) 12
(B) 13
(C) 10
(D) 11

144. 'अरे ! जरा इधर तो आ' में से कौन-सा अव्यय है ?

(A) विस्मयादिबोधक
(B) कालवाचक
(C) परिणामवाचक
(D) प्रश्नवाचक

145. 'आदि-आदी' शब्द-युग्म का सही अर्थ है :

(A) आरंभ-अंत
(B) अंत-आरंभ
(C) आरंभ-अभ्यस्त
(D) अभ्यस्त-आरंभ

146. 'साखी' का मूल तत्सम शब्द क्या है ?

(A) दिया
(B) सिर
(C) शिक्षा
(D) साक्षी

147. "पेड़ से कई आम गिरे" में निम्नलिखित में से कौन-से कारक का प्रयोग हुआ है ?

(A) सम्बन्ध कारक
(B) कर्म कारक
(C) करण कारक
(D) अपादान कारक

148. 'पूस की रात' (कहानी) के रचयिता हैं :

(A) निराला
(B) प्रसाद
(C) प्रेमचंद
(D) शिवपूजन सहाय

149. उत् + हार के योग से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनेगा ?

(A) उदार
(B) उद्धार
(C) उतार
(D) आहार

150. 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा :

(A) निर्दय
(B) निर्मम
(C) मर्माहत
(D) क्रूर



Scanned with OKEN Scanner